प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 07.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में एक हजार 510 अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में हुये शामिल : कहा– पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश बन गया ह भारत के विकास का ग्रोथ इंजन।
2. उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की दो दिवसीय प्रारंभिक अर्हता परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न : अभ्यर्थियों की घर वापसी के लिए रेलवे और परिवहन निगम ने किए विशेष इंतजाम।
3. पूरे देश में आज दिखाई देगा चंद्र ग्रहण : लखनऊ के इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में वैज्ञानिक प्रयोग और शोध के लिए रिकॉर्ड होगी गतिविधि, ग्रहण के चलते दोपहर में हुई वाराणसी में गंगा आरती।

और

4. प्रदेश में गंगा, यमुना, शारदा, घाघरा और रामगंगा नदियां खतरे के निशान से ऊपर : मथुरा में प्रशासन हाई अलर्ट, शाहजहांपुर में रेस्क्यू ऑपरेशन तेज।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के चयनित विभिन्न व्यवसायों के एक हजार 510 अनुदेशकों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने यूपी में पिछले 8 वर्ष के दौरान साढ़े आठ लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने में सफलता प्राप्त की है। श्री योगी ने कहा कि सरकार के प्रयासों से प्रदेश ने बीमारू राज्य के लेवल को उखाड़कर भारत के विकास के ग्रोथ इंजन के रूप में सफलता प्राप्त की है। बाइट....

*पिछले आठ वर्ष के अन्दर हम लोगों ने सातवीं–आठवीं अर्थव्यवस्था से आज उत्तर प्रदेश की इस यात्रा को शानदार तरीके से आगे बढ़ाते हुए देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बनने में सफलता प्राप्त की है बीमारू राज्य के लेवल को उखाड़ फेंक करके आज भारत के विकास के ग्रोथइंजन के रूप में उत्तर प्रदेश को स्थापित करने में सफलता प्राप्त की है।*

इस अवसर पर सभी जनपदो में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जहां सांसद एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सफल अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

———————————

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा–पीईटी–2025 आज दूसरे दिन प्रदेश के 48

जिलों के चौदह सौ उन्यासी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई। परीक्षा कल भी दो पालियों मे आयोजित की गई थी। परीक्षा की शुचिता के लिये सभी केंद्रों पर स्टैटिक और सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ–साथ सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

चयन आयोग ने दिव्यांग और महिला अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए उन्हें उनके जिले में ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किए थे। शाहजहांपुर में प्रशासन ने बाढ़ प्रभावित छह केंद्रों को स्थानान्तरित कर परीक्षा सम्पन्न कराई। अभ्यर्थियों की सुविधा और घर वापसी के लिए रेलवे प्रशासन की तरफ से कुछ स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। जबकि परिवहन निगम ने ग्यारह हजार बसों के संचालन की व्यवस्था बनाई है।

———————

केंद्रीय राज्य मंत्री और राष्ट्रीय लोक दल के अध्यक्ष जयंत चौधरी ने केंद्र सरकार के जीएसटी सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार के इस कदम से सभी नागरिकों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी सरलीकरण से किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी, जो ट्रैक्टर और कृषि यंत्र पहले महंगे दामों पर मिलते थे, अब वे कम दरों पर उपलब्ध होंगे। श्री चौधरी आज शामली के कनियान गांव में कबड्डी खेल मैदान में टीन शेड निर्माण के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। बाइट....

*मुझे इस बात की भी खुशी है कि अभी सरकार ने बड़ा रिकॉर्ड किया जीएसटी जैसा इनडायरेक्ट टैक्स सबको भरना पड़ता था चाहे वो मध्यम वर्ग का हो, चाहे गरीब हो, चाहे अमीर हो और सबको बराबर लगता था आज सरकार ने उसपे बहुत बड़ी राहत और दी है सभी नागरिकों को फायदा मिलेगा किसानों को बहुत बड़ी राहत है, जो लगभग 75 हार्सपावर का ट्रैक्टर अगर दस लाख रूपये का आता था अब आपको चूंकि जीएसटी की छूट मिल गयी 63 हजार की सीधा छूट किसानों को दी गयी।*

———————————

वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए सुधार इस महीने की बाईस तारीख़ से लागू होगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नई जीएसटी दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है।

*नए जीएसटी सुधारों के साथ ही अब सभी मेडिकल डिवाइस और उपकरणों पर 18 प्रतिशत की जगह अब सिर्फ 5 प्रतिशत जीएसटी ही लगेगा। वहीँ, पट्टियों, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य ज़रूरी मेडिकल सामानों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। 33 जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। कैंसर, दुर्लभ रोग और बीमारियाँ तथा गंभीर बीमारियों के इलाज में काम आने वाली 3 दवाओं पर जीएसटी 5 प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। मीडिया के साथ बातचीत में पॉली मेडिक्योर के मैनेजिंग डायरेक्टर हिमांशु बैद ने कहा कि ये सुधार सीधे उपभोक्ताओं को फायदा देंगे।*

*कंज्यूमर को फायदा होगा और जो इसेंशियल आइटमस है जिस तरह के ग्लूकोमीटर्स, थर्मामीटर बीपी इंस्ट्रूमेंटस उनपे ये जो 5 पर्सेंट हो गया है किसी पर 18 पर्सेंट था किसी पर 12 पर्सेंट था तो उससे बहुत बड़ा प्राइज रिडक्शन आएगा इन आइटमस के अंदर में जो भी मेडिकल डिवाइसिस इक्यूपमेंट है उनमें भी जो कॉस्ट रिडक्शन आएगी जो 5 पर्सेंट था आज जाएंगे ये सारे डिवाइसेस तो हॉस्पिटल को ये चीपर रेट में मिलेंगे प्रोडेक्ट। उससे जो अल्टीमेटली जो हॉस्पिटल के बिल्स होंगे वे रिडयूज हो जाएंगे पेसेंट के लिए। हेल्थ इंश्योरेंस में*

*जीरो पर्सेंट  हो गया जीएसटी वो भी बहुत पेसेंट को फायदा होने वाला है लॉ्ग टाइम के अंदर।*

*जीएसटी में कटौती से आधुनिक जांच उपकरणों के इस्तेमाल को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधरेगी और बीमा भी सस्ता होगा। ऋषि जायसवाल के साथ अमन यादव, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

———————

**लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय–एकेटीयू का दीक्षांत समारोह नौ सितंबर को आयोजित होगा। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी जबकि समारोह में मुख्य अतिथि अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला होंगे। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर श्री शुक्ला को डीलिट की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।**

———————

आज वर्ष का आखिरी पूर्ण चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण प्रदेश सहित पूरे भारत में देखा जा सकता ह। चंद्रग्रहण की पूरी गतिविधि को वैज्ञानिक प्रयोग और शोध के लिए रिकॉर्ड किया जाएगा। इसके लिए लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला में विशेष व्यवस्था की गई है। नक्षत्रशाला के वैज्ञानिक अधिकारी सुमित कुमार श्रीवास्तव ने आकाशवाणी समाचार को बताया चंद्रग्रहण रात मे 8 बजकर 58 मिनट से शुरू होकर देर रात लगभग 2 बजकर 30 मिनट तक चलेगा। बाइट...

*चन्द्रग्रहण की जो टाइमिंग है वो 8 बजकर के 58 में से स्टार्ट होगा और रात में ढाई बजे तक लगभग चन्द्रग्रहण चलता रहेगा और जो टोटल एक्लिप्स है वो हमारा रात में 11 बजे स्टार्ट होगा और टोटल एक्लिप्स है रात में 11 बजकर के 41 में अपने मैक्सिमम् स्थिति में होगा और टोटल एक्लिप्स खत्म होगा रात में 12 बजकर 22 मिनट तक। इस तरह से भी चन्द्रग्रहण है लगभग 82 मिनट तक चलने वाला एक खगोलीय घटना है और जो चन्द्रग्रहण है उसको नंगी आंखों से देखा जा सकता है अगर आपके पास टेलिस्कोप हो तो और भी अच्छा।*

आज लगने वाले चंद्र ग्रहण को ज्योतिष के दृष्टिकोण से भी खास माना जा रहा है। ग्रहण के चलते अयोध्या में प्रभु श्रीराम जन्मभ्मि मंदिर, हनुमानगढ़ी समेत प्रदेश भर के मंदिरों के कपाट बंदकर दिए गए।

उधर वाराणसी के दशाश्वमेध घाट पर होने वाली मां गंगा की आरती भी इस बार चंद्रग्रहण के कारण विशेष रूप से दोपहर में सम्पन्न कराई गई। वहीं मथुरा के बांके बिहारी मंदिर में भी दर्शन का समय परिवर्तित कर दिया गया।

———————————

पंडित दीन दयाल उपाध्याय रेल मंडल, चंदौली ने पितृपक्ष मेला–2025 के दृष्टिगत गया जंक्शन जाने के लिए तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए व्यापक कार्ययोजना बनाई है। आज से 21 सितंबर तक चलने वाले इस मेले के दौरान स्टेशन परिसर में यात्री ठहराव का विस्तार, अतिरिक्त टिकट काउंटर बढ़ाने, स्पेशल रेल गाड़ियों के संचालन के साथ ही सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। डीडीयू मंडल के डीआरएम उदय सिंह मीणा ने बताया कि इस दौरान रेलवे द्वारा नियमित गाड़ियों के अलावा 12 स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जायेगा। बाइट....

*पितृपक्ष मेला में भी हम 60 जोड़ी नियमित मेले एक्सप्रेस ट्रेन उपलब्ध होने के साथ–साथ हम दर्जन भर स्पेशल ट्रेने पहले से चला रहे हैं उसके अलावा भी हम लोग चलाएंगे, पितृपक्ष मेले को अटेंड करने के लिए जो पिलिग्रम आएंगे उनके लिए अतिरिक्त होलडिंग एरिया तैयार किया गया है। यात्रियों की सुख–सुविधा के अनुसार और टिकट काउंटरों की भी हमने व्यवस्था बढ़ाई है।*

———————————

प्रदेश में रुक–रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। प्रदेश में गंगा, यमुना, शारदा, घाघरा नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। बाढ़ के चलते मथुरा में शासन हाईअलर्ट पर है। बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। शाहजहांपुर में रामगंगा नदी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बाढ़ग्रस्त इलाकों का निरीक्षण कर रेस्क्यू ऑपरेशन के निर्देश दिए हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*शाहजहांपुर में रामगंगा नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। जिससे कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। वहीं गर्रा और खन्नौत नदियों में आई बाढ़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिले के बरेली मोड़ अजीजगंज ककरा, वृंदावन कॉलोनी सहित राष्ट्रीय राजमार्ग 24 के हिस्से जलमग्न हैं। प्रशासन की तरफ से राहत और बचाव कार्य जारी है। कौशलेंद्र मिश्र, आकाशवाणी समाचार, शाहजहांपुर।*

————————————